# Daily Current Affairs

Date : 02 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'राजस्थान गौरव पुरस्कार' |
| 2. | 8वीं सीनियर बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप – कोटा |
| 3. | राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता – मालपुरा (टोंक) |
| 4. | समर डेफलिंपिक्स में राजस्थान के 7 खिलाड़ियों का चयन |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. मिस टीन इंटरनेशनल - 2025 : जयपुर<br>2. रूपा/रूपनगढ़ नदी – अजमेर<br>3. RPSC सदस्य मंजू शर्मा का त्याग-पत्र<br>4. जोधपुर की लंगड़ी टांग रेस इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल<br>5. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर |
| 6. | ग्लोबल पीस इंडेक्स – 2025 |
| 7. | 25 वां शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन, 2025 |
| 8. | युद्ध अभ्यास : भारत व अमेरिका |
| 9. | इंडिया मोबाइल कांग्रेस-IMC 25 एप्लिकेशन |
| 10. | TCA कल्याणी: महालेखा नियंत्रक (CGA) |
| 11. | बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप, 2026 : मेजबानी ; भारत |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड'<br>2. पहली ग्राउंड हैंडलिंग ऑपरेशंस कंपनी : एयर इंडिया |





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## 'राजस्थान गौरव पुरस्कार'

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने हाल ही में संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को 'राजस्थान गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया।




### मुख्य बिन्दु:

**प्रमुख पुरस्कार प्राप्तकर्ता:**

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी और राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता।
- राजस्थान फाउंडेशन की चेयरमैन आईएएस डॉ. मनीषा अरोड़ा।
- मुंबई के प्रसिद्ध संगीतकार अली-गनी।
- प्रसिद्ध सारंगी वादक पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान।
- जयपुर जिला कलक्टर आईएएस डॉ. जितेन्द्र सोनी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 8वीं सीनियर बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप – कोटा

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कोटा में 8वीं सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- दोनों वर्गों (पुरुष व महिला) का खिताब बीकानेर ने जीता।
- उपविजेता (रनर-अप): चूरू।

तीसरा स्थान:

- पुरुष वर्ग : टोंक।
- महिला वर्ग : जयपुर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता – मालपुरा (टोंक)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मालपुरा, टोंक में राजस्थान राज्य तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- प्रतियोगिता के सीनियर सैबर पुरुष वर्ग में प्रखर सिंह और महिला वर्ग में प्रकृति चैम्पियन बनीं।
- सीनियर ईपी कैटेगरी के पुरुष वर्ग में निखिल और महिला वर्ग में सानिया ने पहला स्थान हासिल किया।
- **पुरुष फॉयल कैटेगरी :** गजेन्द्र (गोल्ड मेडल)
- **जूनियर सैबर वर्ग :** सुमित और प्रकृति क्रमशः बॉयज और गर्ल्स कैटेगरी के विजेता।
- **फॉयल वर्ग :** सचिन और हिमांक्शी विजेता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# समर डेफलिंपिक्स में राजस्थान के 7 खिलाड़ियों का चयन

## चर्चा में क्यों?

- **15 से 26 नवंबर, 2025 तक टोक्यो (जापान) में आयोजित होने वाले 25वें समर डेफलिंपिक्स में राजस्थान के 7 खिलाड़ी भारतीय दल का हिस्सा होंगे।**

## मुख्य बिन्दु:

- **इनका चयन 20 से 27 अगस्त, 2025 तक गुजरात में हुए सलेक्शन ट्रायल के दौरान किया गया।**

### राजस्थान के 7 खिलाड़ी:

| नाम | जिला | इवेंट |
|---|---|---|
| रमेश कुमार | चूरू | भाला फेंक |
| विरेन्द्र सिंह | करौली | 10 KM वॉक |
| पीयूष | जोधपुर | बैडमिंटन |
| अभिनव शर्मा | जयपुर | बैडमिंटन |
| अर्पित | श्री गंगानगर | टेनिस |
| मैना गुर्जर | टोंक | 800 मीटर दौड़ |
| घनश्याम | भरतपुर | कुश्ती |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **मिस टीन इंटरनेशनल - 2025 : जयपुर**<br>▪ हाल ही में, जयपुर में आयोजित मिस टीन इंटरनेशनल, 2025 का खिताब स्पेन की लॉरेना रूड्ज ने जीता।<br>▪ इस प्रतियोगिता के फाइनल में 24 देशों ने हिस्सा लिया। विजेताओं में भारत की काजिया लिज मेजो फर्स्ट रनर-अप, कोलंबिया की वलेरिया मोरालेस सेकंड रनर-अप और प्यूर्टो रीको की साबिना मारिया फेलिसियानो थर्ड रनर-अप रहीं। |
| 2. | **रूपा/रूपनगढ़ नदी – अजमेर**<br>▪ अजमेर की नाग पहाड़ियों से निकलने वाली रूपा/रूपनगढ़ नदी लगभग 50 वर्षों के बाद मानसून की अच्छी वर्षा के कारण पूरे वेग से बह रही है।<br>▪ यह नदी मानपुरा, सलेमाबाद और रूपनगढ़ होते हुए सांभर झील में समाहित होती है। स्थानीय मान्यता और लोकजीवन में इस नदी का विशेष महत्व है। |
| 3. | **RPSC सदस्य मंजू शर्मा का त्याग-पत्र**<br>▪ हाल ही में, राजस्थान लोक सेवा आयोग की सदस्य मंजू शर्मा ने अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया। मंजू शर्मा ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को भेजा।<br>▪ कांता कथूरिया, दिव्या सिंह, शिवपाल सिंह नांगल और श्याम सुंदर शर्मा के पश्चात अपने पद पर रहते हुए त्याग-पत्र देने वाली मंजू शर्मा RPSC की पाँचवीं सदस्य है।<br>▪ नियुक्ति : 15 अक्टूबर, 2020<br>▪ कार्यकाल : 14 अक्टूबर, 2026 तक। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **जोधपुर की लंगड़ी टांग रेस इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल**<br>■ हाल ही में, जोधपुर में लंगड़ी टांग रेस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी भाग लिया।<br>■ इस रेस को लंगड़ी एक्सप्रेस नाम से रेलवे स्टेडियम, जोधपुर में आयोजित किया गया।<br>■ इस कार्यक्रम को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। |
| 5. | **सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर**<br>■ हाल ही में, सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर ने एसोसिएशन ऑफ आयुर्वेद एकेडमी, कम्युनिटी इंटरेस्ट कंपनी (ब्रिटेन) और इंडो-जर्मन यंग लीडर्स फोरम फॉर ए रिस्पॉन्सिबल फ्यूचर ईवी (जर्मनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।<br>■ इस MoU के तहत जर्मन और ब्रिटिश छात्र साढ़े तीन वर्ष अपने देश में ही अपने ही विश्वविद्यालयों के कैंपस से ऑनलाइन पढ़ेंगे। इसके बाद डेढ़ वर्ष जोधपुर में रह कर ट्रेनिंग लेंगे।<br>■ यह पहली बार है जब किसी देश के विद्यार्थी भारत में आयुर्वेद की ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ग्लोबल पीस इंडेक्स – 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP)' द्वारा ग्लोबल पीस इंडेक्स का 19वाँ संस्करण जारी किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- इंडेक्स में 2.229 के स्कोर के साथ भारत को 115वाँ स्थान प्राप्त हुआ। आइसलैंड वर्ष 2008 से दुनिया का सबसे शांतिपूर्ण देश बना हुआ है।
- यह सूचकांक पहली बार अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा मई, 2009 में जारी किया गया था, तब से इसे प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## दुनिया के शीर्ष पाँच सर्वाधिक शांत देश

| रैंक | देश |
|---|---|
| 1st | आइसलैंड |
| 2nd | आयरलैंड |
| 3rd | न्यूज़ीलैंड |
| 4th | ऑस्ट्रिया |
| 5th | स्विट्ज़रलैंड |

## दुनिया के पाँच सर्वाधिक अशांत देश

| रैंक | देश |
|---|---|
| 159th | यमन |
| 160th | डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो |
| 161st | सूडान |
| 162nd | यूक्रेन |
| 163rd | रूस |


- **सूचकांक उच्च मानक प्राप्त स्रोतों से 23 गुणात्मक और मात्रात्मक संकेतकों का उपयोग करके दुनिया की 99.7 प्रतिशत आबादी वाले 163 देशों को कवर करता है। यह तीन क्षेत्रों में शांति की स्थिति का मापन करता है।**
  - **सामाजिक सुरक्षा,**
  - **घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संघर्ष**
  - **सैन्यीकरण।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 25वाँ शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन, 2025

## चर्चा में क्यों?

- **31 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 तक भारतीय प्रधानमंत्री ने चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भाग लिया। शिखर सम्मेलन में SCO विकास रणनीति, वैश्विक शासन में सुधार, आतंकवाद-निरोध, शांति और सुरक्षा, आर्थिक और वित्तीय सहयोग और सतत् विकास पर चर्चा की गई।**




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन : 1 सितंबर, 2025 को तियानजिन, चीन में आयोजित किया गया।**
- **अध्यक्षता : चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा।**
- **हस्ताक्षरित प्रमुख दस्तावेज़ : कुल 24 महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें तियानजिन घोषणा, 2035 तक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) विकास रणनीति, द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगाँठ और संयुक्त राष्ट्र के गठन के संबंध में एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद का वक्तव्य आदि शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### घोषणाएँ और संकल्प : तियानजिन घोषणा

| | |
|---|---|
| विकास रणनीति (वर्ष 2026 से 2035) | SCO के विकास के लिए दीर्घकालिक प्राथमिकताओं और दिशा को रेखांकित किया गया। |
| सहयोग कार्यक्रम (2026-2030) | SCO क्षेत्र में चरमपंथी विचारधारा, आतंकवाद और कट्टरपंथता का प्रतिरोध करने हेतु। |
| SCO वार्ता साझेदार और पर्यवेक्षक का दर्जा | लाओस पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक को SCO वार्ता साझेदार का दर्जा देने तथा स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल के साथ SCO पर्यवेक्षक का दर्जा देने का निर्णय लिया गया। |
| चोलपोन-अता शहर | किर्गिस्तान के चोलपोन-अता शहर को 2025-2026 के लिए "एससीओ की पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी" नामित किया गया था। |
| SCO ऊर्जा सहयोग के लिए रोडमैप, 2030 | नवीकरणीय ऊर्जा आवश्यकताओं हेतु सहयोगी पहल। |

### संस्थागत सुदृढ़ीकरण :

- **चार SCO एंटी-ड्रग सेंटर की स्थापना पर समझौता:** SCO सदस्य देशों के मध्य SCO एंटी-ड्रग सेंटर और देशों की सुरक्षा के लिए चुनौतियों और खतरों का मुकाबला करने हेतु सार्वभौमिक केंद्र पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### उद्देश्य :

- अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटना।
- सूचना एवं साइबर सुरक्षा को बढ़ाना।
- सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का मुकाबला करना।
- **SCO विकास बैंक:** SCO विकास बैंक की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच बुनियादी ढाँचे के विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सहयोग मंच :** शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में नए एससीओ मंच और केंद्र बनाने की पहल की घोषणा की गई-

ऊर्जा और सतत् विकास

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीकी नवाचार और उच्च शिक्षा

हरित उद्योग और जलवायु-अनुकूल प्रथाएँ

डिजिटल अर्थव्यवस्था और साइबर सुरक्षा

कार्यबल विकास के लिए व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा

**संरचनात्मक सुधार और विस्तार :**

- **पर्यवेक्षक और वार्ता भागीदारों का विलय :** पर्यवेक्षक राज्यों और वार्ता भागीदारों को SCO भागीदारों की एक ही श्रेणी में विलय कर दिया गया।
- **लाओस ; साझेदार का दर्जा :** SCO का विस्तार 27 देशों तक (10 सदस्य और 17 साझेदार) हो गया।

**अन्य :**

- 26 वें शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन, 2026 की अध्यक्षता किर्गिज़स्तान द्वारा "SCO के 25 वर्ष: एक स्थिर विश्व, विकास और समृद्धि के लिए एक साथ" विषय की जाएगी।
- **"SCO प्लस" बैठक :** राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के बाद, "बहुपक्षवाद को क्रियान्वित करना, क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना और सतत् विकास को बढ़ावा देना" विषय पर एक "एससीओ प्लस" बैठक हुई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### शंघाई सहयोग संगठन (SCO)

- यह एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सम्बधी अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को शंघाई (चीन) में की गयी।
- **संस्थापक सदस्य :** चीन, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान।
- भारत और पाकिस्तान को वर्ष 2017 में अस्ताना शिखर सम्मेलन के दौरान SCO के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया।
- **मुख्यालय :** बीजिंग (चीन)
- **पर्यवेक्षक देश :** अफगानिस्तान और मंगोलिया।
- **संवाद भागीदार :** अज़रबैजान, आर्मेनिया, बहरीन, कंबोडिया, मिस्र, कुवैत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, कतर, सऊदी अरब, श्रीलंका, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात को संवाद भागीदार का दर्जा प्राप्त है।
- **आधिकारिक भाषा :** चीनी तथा रूसी।
- यह भौगोलिक क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन है।
- **सदस्य देश :** चीन, भारत, ईरान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस।

### उद्देश्य:

- सदस्य देशों के मध्य आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान करना।
- राजनीतिक मामलों, व्यापार, तकनीकी, सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों के साथ-साथ ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग को बढ़ावा देना।
- द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों को आपसी बातचीत के माध्यम से सुलझाना।
- क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की रक्षा करना।
- एक लोकतांत्रिक, न्यायसंगत, अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को बनाए रखना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# युद्ध अभ्यास

## युद्ध अभ्यास : भारत व अमेरिका

### चर्चा में क्यों?

- 1 से 14 सितंबर, 2025 तक भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास, 2025' का आयोजन किया जा रहा हैं।



### मुख्य बिन्दु:

- **संस्करण :** 21वाँ
- **आयोजन स्थल :** अलास्का, अमेरिका।
- **भारतीय दल :** मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन (स्थापना : वर्ष 1758)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अमेरिकी दल :** 11वीं एयरबोर्न डिवीजन के "बॉबकैट्स" (1st बटालियन, 5th इन्फैंट्री रेजिमेंट), इसे 'आर्कटिक वुल्व्स' के नाम से भी जाना जाता है।
- **उद्देश्य :** संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों की क्षमताओं में सुधार और बहु-क्षेत्रीय चुनौतियों के लिए तैयारियों को मज़बूत करना।
- **प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों पर विशेष प्रशिक्षण :** इन विषयों में UAS (Unmanned Aerial Systems) और काउंटर-UAS संचालन, सूचना युद्ध, संचार और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं।
- **शुरुआत :** वर्ष 2004 (वार्षिक द्विपक्षीय आयोजन)।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस-IMC 25 एप्लिकेशन




**चर्चा में क्यों?**

- 1 सितंबर, 2025 को केंद्रीय संचार मंत्री नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस-IMC 25 ऐप लॉन्च किया।

**मुख्य बिन्दु:**

- **उद्देश्य :** AI-आधारित सुझावों, बेहतर नेटवर्किंग और इंटरैक्टिव तत्त्वों के साथ एक्सपो में उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाना।

**इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC), 2025 :**

- **संस्करण :** 9वाँ
- **आयोजन :** 8 से 11 अक्टूबर, 2025
- **आयोजन स्थल :** यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली।
- **IMC, 25 का विषय:** 'परिवर्तन के लिए नवाचार'।
- इसमे 5जी, 6जी, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और हरित तकनीक सहित उभरती प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## TCA कल्याणी: महालेखा नियंत्रक (CGA)

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय सिविल लेखा सेवा (ICAS) की 1991 बैच की अधिकारी TCA कल्याणी ने वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में नए महालेखा नियंत्रक (CGA) का पदभार संभाला।



### मुख्य बिन्दु:

- वह इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं।
- CGA के रूप में कार्यभार संभालने से पूर्व कल्याणी ने गृह मंत्रालय में प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक के रूप में कार्य करते हुए बजट एवं लेखांकन की देखरेख की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**योगदान :**

- **34 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा में कल्याणी ने रक्षा, दूरसंचार, उर्वरक, वित्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सूचना एवं प्रसारण और गृह मंत्रालय सहित प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया है।**
- **प्रौद्योगिकी को अपनाकर सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता और दक्षता को निरंतर बढ़ावा दिया है।**
- **उर्वरक खरीद सहायता के लिए किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना शुरू करने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।**
- **महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (MTNL) में ऑनलाइन बिल भुगतान और भुगतान कियोस्क के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व किया तथा भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका योगदान दिया।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप, 2026 : मेजबानी ; भारत




### मुख्य बिन्दु:

- **घोषणा :** 1 सितंबर, 2025 को विश्व बैडमिंटन महासंघ ( BWF) द्वारा पेरिस चैंपियनशिप, 2025 के समापन समारोह के दौरान।
- **मेजबानी :** नई दिल्ली, भारत
- **आयोजन :** अगस्त, 2026
- **बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप, 2009 का आयोजन :** हैदराबाद।
- **भारत के प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ी :** पीवी सिंधु (एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित पाँच पदक), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी, एचएस प्रणय, प्रकाश पादुकोण, ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' |






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुभारंभ :** 2 सितंबर, 2025 को प्रधानमंत्री ने बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया।
- **उद्देश्य :** जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से धन उपलब्ध कराना।
- **महत्त्व :** जीविका निधि को सूक्ष्म वित्त संस्थानों पर निर्भरता कम करने और कम ब्याज दरों पर समय पर बड़ी ऋण राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली के रूप में बनाया गया है ताकि सूक्ष्म वित्त संस्थानों पर निर्भरता कम की जा सके और कम ब्याज दरों पर समय पर बड़ी ऋण राशि उपलब्ध कराई जा सके।
- **वित्तीय स्थिति :** जीविका के सभी पंजीकृत कलस्टर-स्तरीय फेडरेशन इस संस्था के सदस्य बनेंगे। इस संस्था के संचालन के लिए बिहार सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही धनराशि का योगदान करेगी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किए।
- यह प्रणाली पूरी तरह से एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर काम करेगी, जिससे जीविका दीदियों के बैंक खातों में सीधे और तीव्र पारदर्शी धन हस्तांतरण सुनिश्चित होगा।

**2.**

## पहली ग्राउंड हैंडलिंग ऑपरेशंस कंपनी : एयर इंडिया

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने पहली बार एयर इंडिया SATS एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (AISATS) को सुरक्षा मंज़ूरी दे दी है।
- इसके साथ ही, भारत, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मलेशिया के बाद दूसरा देश बन गया है, जिसने ICAO के दिशानिर्देशों के अनुरूप इस तरह के व्यापक ढाँचे को लागू किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR